# भारत माँ की शान तिरंगा | by Sunil Sarvottam & Gulshan Kumar

वन्दे मातरम, मातरम, वन्दे मातरम

भारत माँ की जान तिरंगा
हिन्दुस्तां की शान तिरंगा
हमको शुभ सन्देश सुनाये तीन रंग मैं रंगा
तिरंगा, शान तिरंगा, हमारी जान तिरंगा

रंग केसरी देता हमको साहस का सन्देश
मेहनत से आगे बढ़ने का देता है सन्देश
साहस और मेहनत से धरती पर ले आये चंदा
तिरंगा, शान तिरंगा, हमारी जान तिरंगा

वन्दे मातरम, मातरम, वन्दे मातरम

रंग सफ़ेद सिखाता हमको चैन और अमन से रहना
प्रेम एकता और सदभावना आपस में सब रखना
भाई चारा हो आपस में ना हो कोई दंगा
तिरंगा, शान तिरंगा, हमारी जान तिरंगा

वन्दे मातरम, मातरम, वन्दे मातरम

रंग हरा संदेसा देता उन्नति और विकास का
तन मन निर्मल हो जाये ऐसा हो हर एक रास्ता
वातावरण में हरयाली हो फैले प्रेम सुगंधा
तिरंगा, शान तिरंगा, हमारी जान तिरंगा

वन्दे मातरम, मातरम, वन्दे मातरम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%a4-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%a4%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam-gulsha/